### खबर संक्षेप

## एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन की जिला टॉस्क फोर्स की बैठक आज

**कटनी।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कटनी जिले में शीघ्र ही एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन प्रारंभ किये जाने हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में जिला टॉस्क फोर्स की बैठक का आयोजन 10 जनवरी दिन बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार, कटनी में दोपहर 12 बजे से किया जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, आयुक्त नगर पालिक निगम, समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा केंद्र, जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला वनमंडल अधिकारी, वन विभाग, जिला प्रमुख, शहरी विकास परियोजना, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय, समस्त विकासखंड खण्ड चिकित्साधिकारी, अध्यक्ष, इंडियन मेडिकल एसोसियेशन से आयोजित बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## स्वामी विवेकानंद और मकर संक्रांति पर होंगे 5 दिवसीय कार्यक्रम

**कटनी।** स्कूल शिक्षा विभाग 10 से 14 जनवरी 2024 तक जिले में स्वामी विवेकानंद जयंती और मकर संक्रांति पर 5 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस संबंध में कलेक्टर अवि प्रसाद ने स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा अधिकारियों को निर्देश प्रदान किया हैं। जिले में 10 जनवरी को शैक्षणिक संस्थाओं में स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक, सांस्कृतिक और व्याख्यान संबंधी कार्यक्रम होंगे। इसके अगले दिन 11 जनवरी को योग प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार अभ्यास के साथ विद्यार्थियों के इसके महत्व पर भी चर्चा की जाएगी। शैक्षणिक संस्थाओं में 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार और 13 जनवरी को कबड्डी, खो-खो, मलखंब, सितोलिया (पिट्ठू), लंबी और ऊँची कूद, रस्सा-कस्सी समेत अन्य स्थानीय पारंपरिक खेल होंगे। पाँचवे और अंतिम दिन 14 जनवरी को सभी शैक्षणिक संस्थाओं में मकर संक्रांति के वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर निंबध लेखन, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता होंगे। इसी दिन विद्यार्थियों को स्थानीय साइंस सेंटर और म्यूजियम, प्लेनेटोरियम और वेधशाला का निरीक्षण कराया जायेगा। निर्देशों में कहा गया है कि प्राचार्य कक्षा 10 और 12वीं की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए उनकी सहभागिता को स्वैच्छिक करें।

## महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम आज

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में बुधवार 10 जनवरी को प्रातः 11 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर, भोपाल से महिला सशक्तिकरण अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को माह जनवरी-2024 की मासिक आर्थिक सहायता राशि अंतरण किया जावेगा। उक्त कार्यक्रम का लाईव वेबकास्ट एवं दूरदर्शन पर सजीव प्रसारण किया जायेगा। महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम को जिले में एक मुख्य कार्यक्रम "द्वारिका भवन कटनी" में नगर पालिक निगम कटनी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। नगरीय स्तर पर समस्त वार्डों में व ग्रामीण क्षेत्रों में समस्त ग्राम पंचायत में उक्त कार्यक्रम के लाइव प्रसारण दिखाये जाने की व्यवस्था की गयी है। प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर लाड़ली बहना योजना के हितग्राही महिलायें, लाड़ली बहना सेना तथा शौर्यदल की सदस्य, लाड़ली लक्ष्मी बालिका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आमंत्रित कर कार्यक्रम पूर्व उत्सव मनाया जावेगा। तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी के मुख्य आतिथ्य में प्रसारित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाईव वेबकास्ट बड़ी स्क्रीन एवं टीवी के माध्यम से दिखाया जावेगा। बहनों के खातों में राशि अंतरित की जानी है।

### अस्थायी अतिक्रमण, सड़क में दुकानों की सामग्री व बेतरतीब पार्किंग बनी मुसीबत

# तमाम प्रयोगों के बाद भी आज तक जाम की समस्या से नहीं मिल पा रही निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहरी क्षेत्र में साल दर साल सुगम यातायात कठिन होता जा रहा है। वाहनों की बढ़ती संख्या से यातायात का दवाब भी बढ़ रहा है। मुख्य मार्गों में सड़कों की चौड़ाई तो है लेकिन उस पर अस्थायी अतिक्रमण, दुकानदारों द्वारा अपनी सामग्री बाहर रखना, फुटपाथी व हाथ ठेला सहित पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने के चलते जाम की समस्या स्थायी बनी हुई है। इस समस्या को लेकर बैठकों में चर्चाएं होती रहती है, योजनाएं भी बनाई जाती है लेकिन आज तक कोई ऐसा प्लान नहीं बन सका जिससे चलते यह समस्या दूर हो जाये। मसलन न तो दुकानदार सहयोग कर रहे है और न ही फुटपाथी दुकानदारों के लिए कोई उचित स्थान फिक्स किया जा रहा है। इसके अलावा वाहनों की पार्किंग सबसे



बड़ी बाधाओं में से एक है।

### सड़क में खड़े हो रहे वाहन

शहर में ऐसे कई बड़े प्रतिष्ठान संचालित है जो मुख्य मार्गो से लगे हैं लेकिन उनमें वाहनों की पार्किंग सुविधा नही है। मसलन बैंक, निजी अस्पताल, होटलें इत्यादि। इसके अलावा किराना, कपड़ा, मेडिकल दुकानों में खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों के लिए पार्किंग एक समस्या बनी है। इसके चलते लोग अपने वाहन सड़क किनारे ही पार्क कर देते हैं। मुख्य मार्ग के दोनो ओर वाहनों की पार्किंग हो जाने से आवागमन अवरोधित होने लगता है।

### सेंट्रल पार्किंग खत्म करने के बाबद भी परेशानी जस की तस

यातायात को सुगम बनाने के लिए पूर्व में किये गये सेंट्रल पार्किंग की व्यवस्था को खत्म किया गया बावजूद इसके कोई खास समाधान नहीं हो पाया। अब पुनः लोग सड़क के दोनो ओर अपने वाहन खड़ा करने को विवश हैं। इसके अलावा मुख्य मार्ग में चारपहिया वाहन भी खड़े कर दिये जाते हैं। वहीं सवारी के लिए ई रिक्शा चालक भी सड़क में ही अपने वाहन खड़े किये रहते हैं। कुल मिलाकर यातायात की समस्या से निजात पाना एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

# बिजली विभाग के एस.ई. और डी.ई से जवाब तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनसुनवाई, स्थानीय समाधान की बैठक का आयोजन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय में किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सी.ई.ओ शिशिर गेमावत द्वारा रैंण्डमली तौर पर 100 शिकायतों का चयन किया गया, जिसमें 36 शिकायतें संतुष्टि से बंद, तथा 64 शिकायतें लंबित रहनें पर लंबित शिकायतों का अंतिम चयन कर शिकायतकर्ता एवं विभागीय अधिकारी की उपस्थिति में समीक्षा की गई।

उर्जा विभाग अंतर्गत विद्युत वितरण केन्द्र बहोरीबंद के श्रवण कुमार की लंबित शिकायत में बकाया राशि की पुनः गणना कर आवेदक को सूचित किये जाने तथा शीघ्र तीन फेस कनेक्शन प्रदाय किये जाने के निर्देश दिये गये तथा अनुपस्थित कार्यपालन अभियंता ग्रामीण एवं कनिष्ठ अभियंता बहोरीबंद को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश



जिला पंचायत सी.ई.ओ शिशिर गेमावत ने दिये।

आवेदक उमा खटीक का विद्युत मीटर न लगाये जाने संबंधी लंबित शिकायत में मंगलवार को ही कार्यवाही पूर्ण किया जाकर शाम तक पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये तथा समीक्षा में अनुपस्थित रहने पर अधीक्षण यंत्री एम.पी.ई.बी. एवं कार्यपालन यंत्री शहरी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान नजूल भूमि अंतर्गत शिकायतकर्ता श्री मनीष की लंबित शिकायत में नजूल तहसीलदार एवं कटनी शहरी तहसीलदार आपस में समन्वय कर शिकायत का निराकरण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

### बरही महाविद्यालय में कार्यशाला का हुआ आयोजन

# विद्यार्थियों को स्थानीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय हेतु किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में विद्यार्थियों को स्थानीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप स्थानीय उद्यमी विनय वर्मा उपस्थित रहे, जिनके द्वारा बताया गया कि आज के परिवेश में वर्तमान और उभरते रोजगार के बाजार की जरूरतों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले



कुशल कार्य बल का विकास करना हमारी प्राथमिकता और अनिवार्यता भी। इसके लिए युवाओं को प्रशिक्षण देकर मानसिक तौर पर मजबूत किया जाना और उन्हें उद्यमी बनाने के लिए प्रशिक्षण देना जरूरी है साथ स्वयं द्वारा संचालित उद्योगों एवं कार्यों की जानकारी भी दी गई।

डॉ अरविंद सिंह ने बताया कि उद्यमिता और लघु व्यवसाय किसी भी देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं, कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने सफल उद्यमी के गुणों तथा उसके विकास की संभावनाओं की जानकारी देते हुए स्वयं के गुणों एवं कमियों को पहचान कर कार्य करने की सीख दी।

कार्यक्रम मे संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ आर जी सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी डॉ रश्मि त्रिपाठी, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. निगम, मनीष मिश्रा, डॉ मंजुलता साहू, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ शिवानी बर्मन, डॉ पुष्पेंद्र तिवारी, डॉ रूपा शर्मा, ऋषभ त्रिपाठी, पवन दुबे, दीपक मिश्रा, कृष्णपाल सिंह, अनुराग सोनी, कैश अंसारी, रावेंद्र साकेत, संतोषी तिवारी, सोनम पाण्डे, पुष्पलता विश्वकर्मा, आशीष तिवारी, महिमा तिवारी, अजय सेन, सतीश विश्वकर्मा, रवि साहू, शिव कुमार, अनिल, विनोद आदि मौजूद रहे।

### उप चुनाव में शानदार जीत पर किया गया स्वागत



महात्मा गांधी वार्ड एवं डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड उप चुनाव में भाजपा की शानदार जीत विजयी प्रत्याशियों को आत्मीय स्वागत किया गया। भाजपा कार्यालय में ढोल नगाड़ों तथा आतिशबाजी के बीच नव निर्वाचित पार्षदों के जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन सहित वरिष्ठ नेताओं ने स्वागत अभिन्दन किया। दीपक टंडन ने कहा अब लोकसभा चुनाव भी कार्यकर्ताओं के विजय संकल्प के साथ हम रिकार्डतोड़ मतों से जीतेंगे। इस अवसर पर महापौर प्रीति सूरी, केडीए अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, शशांक श्रीवास्तव, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष चमनलाल आनंद सहित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# जन मन योजना के लिए लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत मंगलवार को जनपद पंचायत ढीमरखेडा के ग्राम मझगवां में बैगा जनजाति के लोगों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजना का लाभ दिलाने के लिए आंगनबाडी भवन मझगवां में प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाकर बैगा समुदाय के ग्रामीणों को केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया और इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। लोगों के आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, वनाधिकार पट्टे, आयुष्मान कार्ड आदि बनाए जाने का कार्य किया गया। कैम्प में संबंधित विभागों के अधिकारी सहित बैगा समुदाय के हितग्राही मौजूद थे।



### ये गतिविधियां सम्मलित

मंगलवार को मझगवां में आयोजित शिविर के दौरान बैगा समुदाय के लोगों से संवाद कर बताया कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिये अधोसंरचना विकास एवं सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन को दूर करने हेतु यह योजना 03 वर्ष तक क्रियान्वित की जावेगी। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान योजना अंतर्गत 09 मंत्रालयों के माध्यम से क्रियान्वित की जाने वाली 11 गतिविधियों सबको पक्का घर, हर घर नल से जल, गाँव गाँव तक सड़क, हर घर बिजली, शिक्षा के लिये हॉस्टल, कौशल विकास, दूरदराज के गावों तक मोबाइल मेडिकल यूनिट, सबको पोषण, उन्नत आजीविका, दूरदराज के गाँवों तक मोबाइल नेटवर्क के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों को भी सम्मिलित किया गया है।

### पिपरिया परौहा एवं स्लीमनाबाद में की गई कार्यवाही

# अवैध परिवहन एवं खरीदी करने पर 19 हजार रूपए का वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अन्य जिलों से शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए लाई जाने वाली अवैध कृषि उपज पर सख्ती से रोकथाम के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जांच नाकों मे कृषि उपज मंडी के उडनदस्ता दल को तैनात कर तथा वन एवं खनिज जांच नाकों में कृषि उपज मंडी के उडनदस्ता दल को बैठाकर वाहनों की जांच की जाकर अवैध परिवहन पर नियंत्रण रखनें की कार्यवाही निरंतर जारी है।

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर विगत दिवस सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी एवं भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी प्रदीप मिश्रा के निर्देशन एवं मंडी सचिव श्री राकेश कुमार



पनिका के मार्गदर्शन में जांचदल द्वारा जांच की कार्यवाही के दौरान दो वाहनों से कृषि उपज धान की अवैध खरीदी एवं अवैध परिवहन करते पाये जाने पर वाहनों को धान सहित जब्ती की कार्यवाही करते हुए मंडी शुल्क वसूलनें की कार्यवाही की गई।

कृषि उपज मंडी समिति के मंडी सचिव श्री पनिका ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस जांचदल द्वारा जांच के दौरान पकअप वाहन क्रमांक एम.पी. 21 जी 1552 द्वारा कृषि उपज धान का 60 बोरी 24 क्विंटल का पिपरिया-परौहा में अवैध खरीदी करते हुए पकडे जाने पर कार्यवाही की गई। एक अन्य प्रकरण में विगत दिवस ट्रेक्टर वाहन न्यू हॉलेंड 3230 में 115 बोरी कुल 46 क्विंटल धान ग्राम पड़वार कटनी से स्लीमनाबाद के लिए अवैध परिवहन करते पाया गया है।

उक्त दोनों वाहनो से कुल 70 क्विंटल कृषि उपज अवैध धान की खरीदी एवं परिवहन पर दाण्डिक मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं समझौता शुल्क के रूप कुल 19 हजार 170 रूपये की वसूली की जाकर कार्यालय में जमा कराई गई है।

### कार्यवाही में ये रहे शामिल

जांच दल मे सहायक उप निरीक्षक प्रेम कुमार मांझी, राजेन्द्र कुमार चौधरी, किशोर पनिका एवं अमित केशरवानी की सहभागिता में कार्यवाही की गई।

### जनसुनवाई में 102 नागरिकों ने अधिकारियों से बताई अपनी समस्याएं

# समस्याओं का त्वरित निराकरण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार 9 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत एवं अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा द्वारा जनसुनवाई में दूर दराज से पहुंचे 102 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय- सीमा में कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान त्वरित रूप से निराकृत की जानें वाली समस्याओं का मौके पर उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से निराकरण कराया गया।

जनसुनवाई मे कटनी आधारकाप निवासी मनोज कुमार साहू द्वारा बिजली बिल में सुधार व उसमें संशोधन कर बिल का समायोजन किये जाने तथा रजनीश कुमार पटेल के रीडिंग की जांच करवाकर बिल में सुधार किये जाने संबंधी आवेदन सहित एक अन्य सजीवन रजक निवासी पटेहटा तहसील रीठी के विद्युत मीटर में जांच कर विद्युत लोड कम कराने एवं बिल माफ कराने संबंधी आवेदन पर पर



सुनवाई की जाकर मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के एस.ई. की ओर आवेदन प्रेषित कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम पौड़ी पडरिया निवासी कुंवरलाल पाण्डेय द्वारा ग्राम पौंड़ी पडरिया स्थित भूमि खसरा नंबर 684 के रकवा 1.62 हेक्टेयर का सीमांकन करानें तथा आपत्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत आपत्ति को निरस्त करनें हेतु प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई की जाकर अनुविभागीय अधिकारी कटनी की ओर आवेदन प्रेषित कर संयुक्त दल गठित कराते हुए मौका स्थिति अनुसार प्रकरण पर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

तहसील बहोरीबंद ग्राम पड़वार निवासी चंद्रभान लखेरा द्वारा अवगत कराया गया कि उसकी पत्नी की सडक दुर्घटना में मृत्यु होने पश्चात लंबित दुर्धटना राशि लंबित है। लंबित राशि दिलवाये जाने संबंधी आवेदन पर अधिकारियों द्वारा सुनवाई की जाकर श्रम अधिकारी को प्रकरण पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम चनेहटा निवासी श्यामलाल यादव द्वारा गरीबी रेखा एवं आयुष्मान कार्ड बनवानें, ग्राम बम्हौनी पोस्ट खितौली निवासी नारायण प्रसाद द्वारा धान बेचने की पावती न मिलनें, लक्ष्मी चौरसिया पति महेन्द्र चौरसिया निवासी उमरिया पान द्वारा पिता की संपत्ति का बटवारा करानें, अमगुवां थाना रीठी निवासी बालको बाई लोधी द्वारा धोका देकर जमीन अपने नाम करवाने पर कार्यवाही कर जमीन वापस दिलानें, ग्राम पडुआ निवासी रामलाल यादव द्वारा वृद्धावस्था पेशन एवं बी.पी.एल कार्ड बनवानें सहित अन्य आवेदनों पर सुनवाई की जाकर विभागीय अधिकारियों को आवेदन पर समय- सीमा में कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान जिला श्रम अधिकारी के.बी.मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ आर.के.सिंह, महिला एवं बाल विकास अधिकारी वनश्री कुर्वेती, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग पूजा द्विवेदी सहित उर्जा विभाग, स्वास्थ्य विभाग नगर निगम एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी रही।



# समयावधि में जानकारी तैयार करे अधिकारी - निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम में 09 जनवरी को दोपहर 12 बजे से आयुक्त कक्ष में निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा विभागीय अधिकारियों की आवश्यक बैठक आयोजित की। बैठक में आयुक्त ने वीडियो कॉफेसिंग 10 जनवरी को मुख्यमंत्री के लाडली बहना कार्यक्रम पर दिशा निर्देश दिये तथा सभी एजेंडे पर चर्चा की सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने एवं 10 जनवरी को महिला सशक्तिकरण हेतु मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के संबंध में एवं युवा दिवस एवं मकर संक्रांति के अवसर पर गतिविधियां आयोजित करने के संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। निगमायुक्त द्वारा सभी अधिकारियों को समयसीमा में जानकारी तैयार करने सी.एम. हेल्पलाइनों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने एवं 10 जनवरी को महिला सशक्तिकरण हेतु मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सभी व्यवस्थाऐं समयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। 09 जनवरी को निगमायुक्त द्वारा वित्तीय वर्ष 2023 24 के पुनरीक्षित बजट एवं वित्तीय वर्ष 2024 25 के प्रस्तावित बजट तैयार करने के संबंध में बैठक आयोजित कर चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप



### क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दूंगा

**विजयराघवगढ़।** विधायक संजय सत्येंद्र पाठक विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित होने एवं प्रथम आगमन पर नगर अध्यक्ष, पार्षदों सहित समस्त नागरिकों व महिलाओं द्वारा घर-घर भव्य स्वागत किया गया। श्री पाठक सर्वप्रथम नगर में प्रवेश से पूर्व काटी मोड में पहुंचकर समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले वही चौराहा एवं में रोड की अनेक जगहों मे मंचों में पहुंचकर जन-जन के चहेते विधायक का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। नगर के अंधा मोड़ स्थित मंच में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को विकसित करने का संकल्प लिया है। हर प्रदेश के सभी जिलों एवं ग्रामों तक समस्त जनहित कारी योजनाओं का सबको लाभ प्राप्त हो रहा है। क्षेत्र के समस्त धार्मिक स्थलों के देवी देवताओं व क्षेत्रीयजनों के आशीर्वाद से मैंने विजय प्राप्त की है। किअब मैं यहां विधायक नहीं जनसेवक एवं परिवार का सदस्य बनकर समस्त क्षेत्रीय जनों का कार्य करता रहूंगा। एवं जन-जन की सेवा में कोई कसर नहीं होने दूंगा। मैं यहां किसी का बेटा किसी का भाई बनकर सेवा करता रहूंगा। ये हमारे बड़े सौभाग्य का विषय है कि हमारे पूर्व जन्मों के भाग्य से अयोध्या धाम में हमारी आँखों के सामने भगवान श्रीराम बिराजमान हो रहे है।

### शीत लहर को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन के आदेश जारी

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार शासन ने स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन कर दिया है। शासन से जारी आदेशानुसार आगामी 20 जनवरी तक के लिये स्कूल खुलने की नई समय-सीमा निर्धारित की गई है। म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग से जारी आदेशानुसार ऐसे समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय, जो जल्दी सुबह से संचालित होते हैं, वे प्रातरू 10 बजे से संचालित होंगे। दो पालियों में संचालित होने वाले शासकीय एवं अशासकीय स्कूल भी प्रातरू 10 बजे से ही संचालित होंगे। ऐसे विद्यालय, जो प्रातरू 10रू30 से संचालित होते हैं, वे यथावत निर्धारित समय-सारणी अनुसार संचालित होंगे। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कक्षा 6 से 12वीं तक की कक्षाओं की पूर्व निर्धारित परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय-सारणी अनुसार होगा। आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गया है

### कृषि स्थाई समिति की समीक्षा बैठक 17 को

**कटनी।** कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत कटनी की बैठक बुधवार 17 जनवरी 2024 को दोपहर 1:30 बजे से कार्यालय जिला पंचायत कटनी के सभागार में आयोजित की गई है। कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत के सचिव नें बताया कि बैठक मे पूर्व के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा, कृषि विभाग, उद्यनिकी विभाग अंतर्गत वर्ष 2022 एवं 2023 अंतर्गत प्राप्त लक्ष्यों के विरूद्ध हितग्राही मूलक एवं अन्य योजनाओं की जानकारी एवं अन्य योजनाओं की जानकारी हितग्राहीवार जनपदवार सूची सहित समीक्षा, मतस्य विभाग अंतर्गत वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 के अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना बलराम तालाब के हितग्राहीवार जनपदवार मोबाइल नंबर सूची सहित समीक्षा विकासखण्ड ढीमरखेडा के अमेहटा जलाशय दस वर्षीय पट्टे पर दिये जानें की समीक्षा सहित पशुपालन विभाग एवं बीज निगम अंतर्गत वर्ष 2022-23 के प्राप्त लक्ष्य एवं लक्ष्य के विरूद्ध हितग्राही मूलक एवं अन्य योजनाओं की जानकारी एवं अन्य योजनाओं की जानकारी हितग्राहीवार जनपदवार सूची सहित समीक्षा के साथ विपणन विभाग अंतर्गत उर्वरक के भंडारण एवं वितरण की जानकारी की समीक्षा की जायेगी।

## पुलिस लाइन में आयोजित शिविर में किया गया हेल्थ चेकअप

# नागरिकों को बेहतर सुरक्षा उपलब्ध कराने पुलिस कर्मियों का स्वस्थ रहना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मंगलवार को पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन पुलिस लाईन स्थित खेल मैदान में किया गया। शिविर में लगभग 230 पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारजनों ने अपना चैकअप कराया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर रक्षित केन्द्र कटनी में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, डॉ राममणि पटेल नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ अमित प्यासी, डॉ एडलीना मूर्ति एवं बाबा माधव शाह हास्पिटल के डॉ.आयुष भाषानी(MBBS,), डॉ.सुजाता त्रिपाठी (MBBS,MS) OBGY, GYNE-COLOGIST, डा. संगीत मोहन द्विवेदी ( B.A.M.S.) एवं डॉ. शैफाली गुप्ता के सहयोग से पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों हेतु स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।





शिविर में पुलिस अधिकारियों, एवं उनके परिवार के सदस्यों की हृदय से सम्बंधित जांच ईसीजी, रक्त शर्करा, ब्लड शुगर एंव ब्लड प्रेशर, थाईरॉईड, किडनी की जांच, नेत्र सम्बंधित जांचे की गयी। जांच उपरांत निदान एवं चिकित्सकीय सलाह दी गयी।

### व्यायाम करने दी सलाह

चिकित्सकों ने चिकित्सीय परीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिया। इसके साथ ही चिकित्सकों ने दवा व मरीजों को खान पान आदि सहित आवश्यक व्यायाम करने की सलाह दी। चिकित्सीय दल में नेत्र सर्जन जिला चिकित्सालय सहित नर्सिंग एवं फार्मासिस्ट स्टॉफ की उपस्थिति रही।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया द्वारा शिविर में पधारें सभी डॉक्टरों का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया गया। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ी पूंजी है। खासकर पुलिसकर्मियों का स्वस्थ रहना तो और भी जरूरी है। लोगों को बेहतर सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए उन्हें स्वस्थ रहना चाहिए। इस अवसर पर एसपी श्री रंजन ने स्वास्थ्य शिविर में सभी डॉक्टरों का उनके अमुल्य समय पुलिस एवं उनके परिवारजनों को देने के लिए आभार व्यक्त किया। एसपी श्री रंजन ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर तो हर जगह आयोजित होते रहते हैं लेकिन यह स्वास्थ्य शिविर मुख्य रूप से पुलिस कर्मियों के लिए आयोजित किया गया है, क्योंकि पुलिस कर्मचारी के लिए अत्यंत व्यस्तता के चलते अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पाना मुश्किल हो जाता है।

इस प्रकार के मेडीकल कैम्प के आयोजन से समय रहते हमारे पुलिस परिवार के लोग गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। उन्हें प्राथमिक स्तर पर ही बीमारी की जानकारी प्राप्त हो जाती है जिससे वह समय रहते उपचार लेकर स्वस्थ्य रह सकते हैं। हमारा प्रयास होगा कि भविष्य में इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन होता रहे, साथ ही स्वास्थ्य शिविर में जिन पुलिसकर्मी को जांच के दौरान कोई गंभीर बीमारी होना पता चलता है तो विभाग द्वारा उसके बेहतर इलाज के लिए हरसंभव मदद की जाएगी।

# तिलक कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किए जाने के निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्राप्त हुए हैं, जिसके तहत शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अवि प्रसाद एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार खरे के निर्देशानुसार विगत दिवस सोमवार को डॉक्टर आर पी सिंह जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना के मार्गदर्शन में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम थीम पर अपने-अपने विचार लिखे। अनीता कुशवाहा ने वोट के महत्व को रेखांकित करते हुए देश के विकास में दे अपना योगदान हर हाल में करना अपना मतदान भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहां हर एक नागरिक को अपनी राय देने का अधिकार प्राप्त है युवा शक्ति के तीन है काम शिक्षा सेवा और मतदान। कुमारी दिव्या बर्मन, कुमारी दीप्ति तिवारी, कुमारी रोशनी बर्मन ने वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम विनायक मंडल में डॉक्टर नाहिद सिद्दीकी, डॉक्टर प्रतिमा त्रिपाठी, श्रीमती लक्ष्मी नायक, श्रीमती उर्मिला दुबे , श्रीमती ज्योत्सना आठ्या ने किया। प्रथम स्थान दिव्या बर्मन द्वितीय स्थान अनिता कुमारी तृतीय स्थान रोशनी बर्मन को प्राप्त हुआ जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता बुधवार 10 जनवरी को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी जिसमें कटनी जिला के समस्त महाविद्यालय के प्रथम स्थान प्रतिभागी सहभागिता करेंगे।

### सशस्त्र बल बेटरन्स दिवस 14 जनवरी को

**कटनी।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जिला कटनी में सशस्त्र बल बेटरन्स दिवस का आयोजन 14 जनवरी 2024 को प्रातः 10:30 बजे से किया जा रहा है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रिटायर्ड कर्नल डॉ शास्त्री प्रसाद त्रिपाठी ने जिले के समस्त पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों से अधिक से अधिक संख्या में सशस्त्र बल बेटरन्स दिवस में शामिल होनें का आग्रह किया है।

**स्वरोजगार स्थापित करने विद्यार्थियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण**

# बायोगैस संयंत्र एवं अजोला निर्माण तथा उपयोग का दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्राचार्य डॉक्टर सुधीर खरे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के क्रम में जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत प्रकाश खाद एवं ईंधन प्रयोग के लिए बायोगैस संयंत्र निर्माण एवं कार्य प्रणाली का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। बायोगैस संयंत्र से ईंधन और अच्छी खाद प्राप्त होने के साथ -साथ महिलाओं को खाना बनाने हेतु जंगल से लकड़ी एकत्र करने तथा गोबर के कंडे बनाने से मुक्ति मिलती है। रसोई घर में धुएं से छुटकारा तथा नेत्र एवं फेफड़े आदि के कई रोगों से बचाव भी किया जा सकता है। दीनबंधु बायोगैस संयंत्र से प्रति घन मीटर 25 किलो गोबर एवं 25 लीटर पानी बराबर मात्रा में घोलकर डालते हैं इससे प्राप्त गैस ईंधन के लिए एवं खाद को फसलों में उपयोग करते हैं खाद में सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं।

बायोगैस की खाद को सिंचित भूमि में 10 टन एवं असिंचित भूमि में 5 टन प्रति हेक्टर फसलों में उपयोग करने से 15 से 20ः तक उत्पादन में वृद्धि होती है। शासन द्वारा कृषकों को बायोगैस संयंत्र निर्माण के लिए नियमानुसार अनुदान दिया जाता है।

अजोला में 25 से 30ः प्रोटीन पाए जाने के कारण पशुओं में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि तथा धान की फसल में उपयोग करने से नाइट्रोजन स्थिरीकरण करने के कारण धान में एक तिहाई नाइट्रोजन वाली खाद की मात्रा कम लगने की जानकारी का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

## अनियंत्रित ई रिक्शा पेड़ से टकराया, कई घायल



झिझंरी मोड़ के पास महावीर नगर के समीप एक अनियंत्रित ई रिक्शा एक पेड़ से टकरा गया। हादसे में ई-रिक्शा में सवार सभी यात्रियों सहित चालक कों गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस नें सभी कों तत्काल इलाज के लिए निजी चिकित्सालय भेजा जहाँ पर सभी का उपचार जारी हैं। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार महावीरनगर मोड़ झिझंरी के पास दोपहर लगभग पौने 2 बजे एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। ई रिक्शा जब पेड़ से टकराया तब उसमें यात्री बैठे हुए थे। घटना में दो महिलाओं, एक बच्चे और चालक को गम्भीर चोट आई, जिसकी सूचना यातायात प्राभारी राहुल पांडेय को मिली। उन्होंने तत्काल पुलिस स्टाफ के साथ सभी घायलों कों निजी चिकित्सालय भिजवाया। घटना की जानकारी के वाद पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा समस्त स्टाफ को निर्देशित किया गया है कि सभी घायलों को व्यवस्थित इलाज मुहैया करवाया जाए।

# निगमाध्यक्ष ने निर्माणाधीन नाला का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगरपालिक निगम सीमांतर्गत सी.एल.पाठक वार्ड में सन्यांसी बाबा गली में चल रहे नाला निर्माण कार्य का निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें औचक निरीक्षण किया । जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नाला निर्माण कार्य प्रारंभ है। इस दौरान श्री पाठक ने स्थल पर उपस्थित क्षेत्रीय उपयंत्री एवं संबंधित ठेकेदार को कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्देशित करनें के साथ ही कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



इस दौरान निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें कार्य के विभिन्न पहलुओं के बारे में जाना और कार्य करने के तरीके के बारे में भी विधिवत जानकारी ली,नाला निर्माण के दौरान वार्ड के नागरिकों को परेशानी ना हो और कार्य आसानी पूर्वक संपन्न कराने की बात कही ।

राम निवास सिंह वार्ड एवं सी.एल.पी वार्ड में विभिन्न स्थानों में सी.सी.सडक एवं नाली निर्माण का कार्य भी जारी है निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें उक्त निर्माण स्थलों में भ्रमण के दौरान कार्य को समय पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करनें के निर्देश संबंधितों को दिए साथ ही सीवर प्रोजेक्ट के कर्मचारियों को अविलंब कार्य पूर्ण करनें हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान नगरपालिक निगम कटनी के क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा,चंद्रेश शुक्ला,हर्ष तिवारी, सौरभ साहू ठेकेदार सहित वार्ड के नागरिक संजू बर्मन,चंपा बाई, विनोद, राकेश तिवारी,मोनू द्विवेदी,

**मंगलवार को जिले के 11 ग्राम पंचायतों में पहुंची यात्रा**

# संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओं के हितग्राहियों को किया जा रहा लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से कटनी जिले मे हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिये कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा विगत 15 दिसंबर से जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित की जा रही है। केंद्र शासन की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुँचाने चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मंगलवार को जिले की 12 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये गये। शिविरों में बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिकों ने शिरकत की। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी इस मौके पर नागरिकों को दी जाकर हितग्राहियों से उनके आवेदन पत्र भी लिए गये।



शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की ई-केवायसी करने, आधार लिंकिंग, आधार अपडेशन एवं आधार रजिस्ट्रेशन के लिये भी स्टॉल लगाये गये थे। शिविर के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा लोगों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। इस दौरान केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी सुनाये।

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को जिले की चारों विधानसभा की जनपद पंचायतों के कुल 11 ग्राम पंचायतों बड़वारा अंतर्गत ग्राम विलायतखुर्द एवं पथवारी, बहोरीबंद अंतर्गत सोमाकला एवं अमरगढ, ढीमरखेडा अंतर्गत बम्हनी एवं पचपेढ़ी, कटनी अंतर्गत देवरीटोला, रीठी अंतर्गत वसुधा व हथकुरी एवं विजयराघवगढ अंतर्गत मुडेहरा एवं कांटी ग्राम पंचायत पहुंची।

## मेरा भारत विकसित भारत विषय पर हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता

# तीन विकासखंडों के आयोजित प्रतियोगिता में युवाओ ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में 'कटनी आर्ट्स एवं कॉमर्स कालेज' में "मेरा भारत विकसित भारत 2047" विषय पर जिला-स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ निर्णायक मंडल डॉ. माधुरी गर्ग (प्राध्यापक), श्रीमति सुभद्रा सोनी, जे.पी.हल्दकार शिक्षक, नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी श्रीमति कीर्तिका कुहर एवं महाविद्यालय प्रतिनिधि श्रीमति आराधना अग्रहरी (प्राध्यापक) ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। तत्पश्चात, नेहरु युवा केंद्र के लेखा कार्यक्रम पर्यवेक्षक राजकुमार अग्रवाल द्वारा अतिथियों का पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।




नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी श्रीमति कीर्तिका कुहर द्वारा प्रतियोगिता की रूप-रेखा एवं चयन के मापदंड उपस्थित युवाओं को बताए एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देकर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की। भाषण प्रतियोगिता में कुल 25 युवाओं ने सहभागिता की जिसमें प्रथम स्थान संस्कार जैन (विकासखंड बहोरिबंद), द्वितीय स्थान विकास यादव (विकासखंड बडवारा), एवं तृतीय स्थान अंकित रैदास (विजयराघवगढ़) ने प्राप्त किया।

अतिथि संबोधन में डॉ. माधुरी गर्ग (प्राध्यापक) ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने का जो संकल्प लिया हैं, जो आप सभी युवाओ के समर्पण एवं महनत से ही संभव होगा। श्रीमति आराधना अग्रहरी (प्राध्यापक), श्रीमति सुभद्रा सोनी (पूर्व पार्षद), जे.पी.हल्दकार (शिक्षक) ने भी युवाओं को भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएँ जैसे- आयुष्मान भारत, पी.एम. गरीब कल्याण योजना, पी.एम. आवास योजना, पी.एम. उज्ज्वला योजना, पी,एम. विश्वकर्मा योजना, एवं पी.एम. किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं का लाभ लेने के लिए कहा।

नेहरु युवा केंद्र द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर बधाई दी गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बहोरिबंद विकासखंड के युवा संस्कार जैन कटनी जिले का प्रतिनिधित्व आगामी माह में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में करेंगें जिसमें प्रथम विजेता को 1 लाख रुपए, द्वितीय को 50 हजार रुपए, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दो प्रतिभागियों को 25-25000 की इनाम राशी तय की गई है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नेहरु युवा केंद्र कटनी की पूरी टीम एवं महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# सार्वजनिक स्थानों में शराब पीने पर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया एवं विजयराघवगढ़ एसडीओपी केपी सिंह के मार्गदर्शन में विजयराघवगढ़ पुलिस द्वारा शराबियों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है और सतत कार्रवाई की जा रही है। सार्वजनिक स्थलों पर बैठकर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस पूरी तरह से सख्ती बरती जा रही है। इसी तारतम्य में विजयराघवगढ थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर द्वारा अपने स्टॉफ के साथ मिलकर सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले 6 युवकों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस द्वारा देवराकला में रोड के किनारे खुले में बैठकर शराब पी रहे सत्यप्रकाश 23 वर्ष, रामनाथ चौधरी उम्र 51 वर्ष, जितेंद्र बर्मन उम्र 35 वर्ष को पकड़ कर उनके विरूद्ध धारा 36 बी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार पुलिस ने ग्राम कन्हवारा में भी पुलिस ने तीन लोगों को सार्वजनिक स्थानों में बैठकर शराब पीते हुए पकड़ा है। संजय लोधी जो सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पी रहा था। इसी प्रकार मंताकी पिता मिजाजी कुम्हार उम्र 48 वर्ष, निवासी कन्हवारा व हरिगोपाल पिता संतोकी पटेल उम्र 46 वर्ष निवासी कन्हवारा को सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने धारा 36 बी आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

कार्यवाही में अनूप सिंह ठाकुर निरीक्षक थाना प्रभारी, प्रधान आरक्षक मुकेश परस्ते, आरक्षक अंजनी झा, लालू यादव, हरिओम सिंह आदि की मुख्य भूमिका रही है।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में 84 आवेदन आये

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कलेक्ट्रेट परिसर के नवीन कक्ष में शहर एवं दूरस्थ अंचलों से आये आमजन की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। आज जनसुनवाई में 84 आवेदन आये। इस अवसर पर जिलाधिकारियों ने सहभागिता निभाई।

### शासकीय महाविद्यालय पहुंचे थाना प्रभारी सुधीर बेगी

**पवई।** विद्यार्थियों को पुलिस की कार्य प्रणाली,साइबर अपराध महिला अपराध एवं अन्य अपराधों की जानकारी देने के उद्देश्य से बुधवार को थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी शासकीय स्नातक महाविद्यालय पवई पहुंचे जहां उन्होंने विद्यार्थियों को वाहन चलाने संबंधी नियम एवं कानून के बारे में जानकारी दी,इसके साथ ही साइबर अपराध,महिला अपराध एवं अन्य अपराधों की विषय में भी विद्यार्थियों को बताया, इसके अलावा सभी को जीवन में अनुशासन के महत्व को भी समझाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ पी के मिश्रा सहित स्टाफ एवं सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### जमीनी विवाद को लेकर युवक के घर में घुसकर की मारपीट, मामला दर्ज

**अमानगंज।** पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी हककन पटेल पिता श्रीकेश पटेल उम्र 35 साल निवासी कटकहा ने अमानगंज थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मैं खेती किसानी का काम करता हूं आज दिनांक 9 जनवरी 2024 को सुबह 6 बजे के करीब मैं अपने घर पर था कि तभी मेरे चाचा इंद्रपाल पटेल का लड़का धीरेंद्र आया और मुझे जमीनी विवाद को लेकर बुरी बुरी गालियां देने लगा और उसने कहा कि तुम्हारे बाप को रास्ते के लिए जमीन देनी पड़ेगी नहीं तो तुम्हारे खानदान में कोई नहीं बचेगा और जब मैंने गाली देने का विरोध किया तो मेरे पीछे से धीरेंद्र का भाई राजभान लाठी लेकर आया और मेरे और मेरी मां के साथ मारपीट करने लगा उसने मेरे सर पर लाठी से वार किया जिससे मेरे सर में बाएं तरफ चोट लगी और दाहिने हाथ की उंगली में भी चोट लगी मेरी माँ को भी बाएं हाथ की कलाई में और कमर में दाहिनी तरफ चोटे आईं।

### खदान लगाने के चक्कर में पुरखों की कृषि भूमि के रिकार्ड में हेराफेरी का आरोप

# खदान माफियाओं के हौसले बुलंद, बिना अनुमति के धड़ल्ले से निकाल रहे पत्थर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार



तहसील जबेरा पत्थर खनन माफियाओं के हौसले बुलंद, बिना अनुमति के माफियाओं द्वारा पत्थरों की खदानें धड़ल्ले से संचालित है। आरोप तो किसानों के द्वारा यहां तक लगाया जा रहा है कि पत्थरों की खदानें लगाने के लिए पुरखों से किसानों के नाम दर्ज कृषि भूमि के रिकार्ड में हेराफेरी करके किसानों की कृषि भूमि को खाली करवाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। यह सब राजस्व विभाग की मिली भगत एवं राजनेतिक रसूखदारों की सह होने का आरोप जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ सुजान सिंह ने लगाया है। दरअसल मामला है जबेरा तहसील के पटवारी हल्का नंबर 30 ग्राम बड़गुंवा का जहां किसानों कृषि भूमि से पत्थर निकालकर अवैध कारोबार किया जा रहा है जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान होने के साथ साथ राजस्व की क्षति हो रही है। लंबे समय अवैध पत्थर खनन माफियाओं का गढ़ बन चुके बडगुवा ग्राम में अवैध पत्थर उत्खनन की शिकायत जिला खनिज अधिकारी से लेकर पटवारी तहसीलदार तक पहुंचने के बावजूद प्रशासन अंकुश नहीं लगा पा रहा है। और आरोप तो यहां तक लगाए जा रहे है की यह अवैध कारोबार जिला खनिज विभाग, पटवारी राजस्व अधिकारियों मिलीभगत बदस्तूर जारी है इसके एवज में खनन माफिया के द्वारा अधिकारियों बंधी बंधाई रकम दी जाती है। सेटिंग हो जाने के बाद खदान माफिया की बेधड़क पत्थर निकालते और बेचते हैं। अवैध कारोबार में लगे पत्थर चोर आर्थिक रूप से मजबूत हो चुके हैं तथा राजनेतिक रूप से भी अपनी पहुंच बनाए हुए हैं। वीरेंद्र सिंह पिता बहादुर सिंह लोधी ने बताया मेरी जमीन पर पत्थरों की खदान चल रही है। मना करने पर खदान माफिया जान से मारने की धमकी देते है। इसी तरह ग्राम बडगुवा खलौटी हार में पत्थर माफिया ने किसान जमुना प्रसाद महोबिया की साढ़े तीन एकड़ कृषि भूमि राजस्व अधिकारियों से मिलकर रिकार्ड में हेराफेरी गायब करवा दी है। जबकि कृषि भूमि पर उनके पुरखों की है जहां 90 साल से हम लोग खेती करते चले आ रहे हैं और हमारे नाम पर जमीन दर्ज थी जिसमें सरकार की योजनाओं के तहत खेत कुआं खोदा गया। मेंढ़ बधान जैसी योजनाओं का लाभ पूर्व में मिल चुका है। इसके बावजूद मेरी पुरखों की कृषि भूमि के रिकार्ड में हेरा फेरी कर उक्त भूमि का नंबर जंगल और कहीं बताया जा रहा है। इस षड्यंत्र के पीछे अधिकारियों से मिलकर खदान माफिया कृषि भूमि से बेदखल करके कृषि भूमि पर खदान शुरू करना चाहते है। क्योंकि इस भूमि के अंदर बेस कीमती पत्थरों का भंडार है और जमीन हांथियाकर पत्थरों की खदान लगाना चाहते हैं। इसी तरह गाड़ाघाट में भी पत्थरों की अवैध खदान संचालित हैं।

जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से संचालित अवैध खदानों की जांच करवाते हुए खदान माफियाओं पर कार्यवाही की मांग भगवती मानव कल्याण संगठन एवं स्थानीय किसानों के द्वारा की गई है। जबेरा तहसीलदार विवेक व्यास का कहना है की ग्राम में अवैध पत्थरों की खदानें संचालित हो रही है। कृषकों के रिकार्ड में हेरा फेरी जैसी कोई बात है तो आपने सज्ञान में लाया में हल्का पटवारी से जानकारी लेकर पूरे मामले की जांच करवाते है।

# हिण्डोरिया टीम ने बलारपुर टीम को फाईनल में हराकर चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा जमाया

### वारिस की हैट्रिक, रवि की बल्लेबाजी मैंच मे आकर्षण का केन्द्र रही



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया



हिण्डोरिया। स्थानीय बलारपुर ग्राम पंचायत के पेयजल टंकी के पास स्थित मैदान पर चण्डी क्लब के तत्वाधान मे आयोजित जिला स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हिंडोरिया की टीम (राईल पठान) ने बल्लारपुर की टीम को 78 रनों के विशाल अन्तर से हराकर जीत लिया। फाईनल मे हिण्डोरिया की ओर से वारिश खान उर्फ इजहार ने तूफानी गति से गेदबाजी कर शुरु मे हैट्रिक सहित 04 विकेट लिये। वही रवि गन्धर्व ने शानदार 75 रन बनाकर महत्वपूर्ण 03 विकेट लेकर बेहतर प्रदर्शन कर हिण्डोरिया नगर को इस वर्ष की पहली क्रिकेट ट्रॉफी दिलाने मे अहम भूमिका निभाई। क्रिकेट ट्रॉफी जीतकर वापिस लौटने पर हिंडोरिया के प्रमुख मार्ग पर गाजे बाजे ,आतिश बाजी के साथ विजय जुलूस निकाला गया। इस विजय पर नगरवासियों एवं खेल प्रेमियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। इस मैंच मे हिण्डोरिया टीम के कप्तान सलामत पठान ने टास जीता और उनकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते टीम हुये नियत 16 ओवर में सभी विकेट होकर 136 रन बनाए। जिसमे रवि ने 75,, सोहेल पठान ने 16, उदय ने 13 रनों का योगदान दिया। जवाब में बलारपुर की पूरी टीम इजहार एवं रवि की घातक गेंदबाजी के आगे मात्र 58 रनों पर धराशायी हो गई। मैन ऑफ दा मैंच रवि एवं सीरिज उदय कुमार को दी गई। मैच में अंपायर अजय यादव, तिलक यादव स्कोरर विवेक यादव एवं कमेंटेटर अरविंद यादव एवं सीताराम यादव रहे। मैच में विजेता विजेता टीम के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि चटन पटेल सदस्य जिला पंचायत क्षेत्र टिकरी बुजुर्ग, सुजात खान पूर्व एकता परिषद राज्य समन्वयक हिण्डोरिया,जय हजारी जनपद सदस्य आमखेड़ा, मगन बाजपेई धन सिंह आदि के करकमलों से नगद राशी ,कप मेडल से सम्मानित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकाली अक्षत कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ झलौन

तेंदूखेड़ा जनपद के ग्राम गुहची बजरंगबली मंदिर से से दो किलोमीटर मीटर दुर झलोन चौराहे के चोरो ओर होते हुऐ नये बाजार होते हुए पुराने बाजार बजरंगबली मंदिर तक 22 जनवरी अयोध्या राम मंदिर निर्माण के उद्दघाटन के आमंत्रण के लिऐ छोटी कन्याओं ने सिर पर कलश रखकर कर गुहंची से झलौन तक कलश शोभा यात्रा निकाली। डीजे गाजे बाजे के साथ धुम धाम से निकाली यात्रा में शामिल जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव, रामप्रसाद यादव, रिटायर शिक्षक तुलाराम यादव, राजू हजारी चंद्रकांत हजारी, शिक्षक दुर्जन सिंह, पुरा राजेंद्र साहू, रूपलाल विश्वकर्मा, मुकेश जैन, डा मृगांक जैन, झलोन बृजेश यादव, वृंदावन पटेल, दिनेश महाराज, ससना कोमल यादव, सेहरी एवं सैकड़ो राम भक्त माताएं बहने एवं पुरुष यात्रा में शामिल रहे।

# गंगा झिरिया में होगा रामचरित मानस महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार



संतों की तपोभूमि गंगाझरिया बीजाडोंगरी में 26 वां श्रीरामचरित मानस महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह भजन संध्या इत्यादि 31 दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई ब्रम्हचारी संत अनुग्रहदास महाराज के सानिध्य में 13 जनवरी से 14 फरवरी तक लगातार महायज्ञ चलेगा।और 7 फरवरी से 13 फरवरी श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह सहित नित्य भजन संध्या नित्य प्रति संकीर्तन जैसे भव्य आयोजन होंगे जिसको लेकर आसपास के दर्जनों गांव में उत्साह का माहौल है।लोगों द्वारा इस आयोजन में तन,मन व धन से पूर्ण रूप से सहयोग किया जाता है। यही कारण है कि महायज्ञ में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ लेते हैं। इस आयोजन को भव्यता प्रदान करने सहित रूपरेखा बनाने को लेकर बीजाडोंगरी,अमतरा,गूड़ा, मुड़ेरी,दसौंदा सहित दर्जनों ग्राम के लोगो की बैठक संपन्न हुई

सिद्ध धाम गंगा झिरिया के पुजारी सीताराम दुबे ने बताया कि यह क्षेत्र वासियों का सौभाग्य है कि पावन धाम उनके क्षेत्र में हैं। इस बार रामचरित मानस महायज्ञ के साथ पंडित श्री विपिन बिहारी साथी जी तीखी वाणी के मुखारविंद से हरिकथा सुनाई जाएगी बता दें 26 वर्ष पहले परम पूज्य अजब दास महाराज जी जै जै सरकार ने इस भव्य और दिव्य आयोजन शुभारंभ किया गया था इसके बाद उनके उत्तराधिकारी परम पूज्य महंत श्री राम अनुग्रह दास महाराज जी के सानिध्य में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री रामचरितमानस महा यज्ञ श्रीमद् भागवत महापुराण का 31 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है ।जलकुंडों में कभी खाली नहीं होता जलः सिद्ध धाम गंगाझिरिया बीजाडोंगरी में सिद्ध महाराज विराजमान हैं,क्षेत्र के चारों और हरियाली से आच्छादित हजारों पेड़ पौधे लगे हुए हैं। जिससे यहां की प्राकृतिक सौंदर्यता देखते ही बनती है। यहां पर 7 जलकुंड भी हैं। जिनमें से चार जलकुंड का जल कभी खाली नहीं होता। ऐसी मान्यताएं है कि संतों के तपोबल से गंगा मां की विशेष कृपा इस सिद्ध स्थल पर है। जहां पर आध्यात्मिक शक्तियां सदैव इस सिद्ध स्थल में व्याप्त रहती हैं। यही कारण है कि यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बना रहता हैं। संतो के प्रति श्रद्धाभक्ति भाव के चलते यहां पर धार्मिक आयोजन चलते रहते हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



**सगोनी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा पटेरा ब्लॉक के ग्राम धनगुवां,कालाकोट,मझगुवां हंसराज यात्रा पहुंची जिसमें भाजापा के प्रतिनिधि कार्यकर्ता एंव अधिकारी और कर्मचारीयों की मौजूदगी रही जिसमें उन्होंने शासन की समस्त योजनाओं के विभागो के अधिकारियो द्वारा हितग्राहियों को विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी। ग्राम के लोगो को विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्धेश्य के बारे में बताया साथ ही अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों की कल्याणकारी योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम मे जनपद पटेरा, सरपंच,सचिव समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# सूर्यवंशी जाटव समाज द्वारा वार्षिक आमसभा एवं मिलन समारोह संपन्न



**दमोह।** सूर्यवंशी अहिरवार जाटव समाज समिति द्वारा आम सभा एवं मिलन समारोह दमोह के अंबेडकर भवन कचौरा शॉपिग सेंटर में भगवान दास चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें आमंत्रित मुख्या अतिथि के रूप में दमोह के लोकप्रिय विधायक जयंत मलैया उपस्थित हुए भारी संख्या में पधारे समिति के सम्माननीय सदस्य गणों एवं पदाधिकारी ने पुष्पहारों से मुख्य अतिथि व मंचासीन अतिथियों स्वागत किया। इसी दौरान कोरोना काल के समय डॉक्टर मोहन सिंह आदर्श द्वारा जनहित एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर भारतीय दलित साहित्य अकादमी दिल्ली द्वारा आयोजित कार्यक्रम 2023 में डॉक्टर अंबेडकर राष्ट्रीय विशिष्ट सेवा अवार्ड से पुरस्कृत किया गया जो समाज के लिए बड़े गौरव की बात है,समिति संगठन द्वारा उनको साल-श्रीफल से कार्यक्रम में सम्मानित किया गया और अपेक्षा की गई कि इसी तरह सामाजिक कार्य करते रहें। बैठक में समिति के वर्ष भर के कामकाज की समीक्षा की गई जिसमें हिम्मत प्रसाद अहिरवाल कोषाध्यक्ष द्वारा ऑडिट रिपोर्ट पत्रक नफा नुकसान एवं लेनदेन पत्र प्रस्तुत किए गए। उपस्थित सम्माननीय सदस्यों द्वारा लेखा-जोखा अवलोकनकर ध्वनि मत से पुष्टि की गई समाज के उत्थान को रोकने में बाधक नशा यदि के रोकथाम एवं समाज में फैली पुरानी कुरीतियों के संबंध में चर्चा कर समिति के सदस्यों द्वारा समाज सुधार हेतु विशेष पहल की जाने हेतु बात रखी गई। साथ ही निचली पंक्ति के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए अथक प्रयास किया जावे एवं समाज के ऊपर हो रहे अन्याय की रोकथाम के लिए उनका सहयोग किया जाए शासन प्रशासन से मदद ली जावे। समाज के उत्थान के लिए संभव प्रयास किये जावे अधिक से अधिक लोगों को समिति संगठन से जोड़ा जावे कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि जयंत मलैया द्वारा समिति के कार्यों की सराहना की और हर संभव सहयोग करने हेतु आश्वस्त किया गया। समिति अध्यक्ष भगवान दास चौधरी द्वारा समिति संगठन को मजबूत बनाने में सभी साथियों से सहयोग करने की अपील की गई। समिति के पूर्व अध्यक्ष रामनाथ अहिरवार द्वारा संबोधित किया गया जिसमें सभी को एकजुट रहने की अपील की गई। इस अवसर पर डॉक्टर मोहन सिंह आदर्श जिला अध्यक्ष अजाक्स ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने हमें शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया है जिस पर विशेष पर बल देने की आवश्यकता है समाज के कर्मचारियों और बुद्धिजीवियों एवं आर्थिक रूप से मजबूत सामाजिक बंधुओं को चाहिए कि अपने क्षेत्र के किसी एक गरीब परिवार के बच्चे का चयन करें और उसकी शिक्षा की जिम्मेदारी लेवे तब समाज में प्रगति होगी एवं सामाजिक संगठनों को इस और ध्यान देने की विशेष आवश्यकता है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति सराहनीय रही जिसमें पारस नाथ चौधरी, प्यारेलाल भारती, एचएल अहिरवार, डॉक्टर हीरालाल अहिरवार, धनीराम अहिरवार, केसी अहिरवार, मदन सुमन, भूप सिंह अहिरवार, हेमराज पार्षद, राजेंद्र सुमन, बाबूलाल अहिरवार, संतुलाल रोहित, बाबूलाल अहिरवार, मुन्नालाल मुकदम, तीरथ प्रसाद, मुन्नालाल अहिरवार, रमेश अहिरवार, मुलायम चंद्र अहिरवार, रामलाल रोहित, एमएल अहिरवार, कृष्णा राज, सोहनलाल अहिरवार, एफएल अहिरवार, वीरेंद्र जाटव, संदीप चौधरी, इंजीनियर अमित कुमार, आसाराम चौधरी गणेश जाटव पार्षद, मुन्नीलाल अहिरवार, रामलाल रोहित, आरडी अहिरवार, हरगोविंद अहिरवार कार्यक्रम का आभार रामेश्वर चौधरी महामंत्री भारतीय जनता पार्टी दमोह द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन गंगाराम अहिरवार वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा माना गया।

### बच्चों की आंखों में चढ़ रहा पावर वाला चश्मा, स्कूल में शिविर लगाकर बच्चों का किया नेत्र परीक्षण

# समय रहते उपाय करने से ठीक हो सकता है अंधापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



छोटे-छोटे बच्चों की नजर भी कमजोर हो रही है जिनकी जांच हेतु अंधत्व निवारण समिति के तत्वाधान में हटा स्वास्थ्य विभाग द्वारा विकासखंड के अंतर्गत रसीलपुर के माध्यमिक एवं हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया नेत्र चिकित्सा सहायक अरविंद कुमार नेमा द्वारा 197 छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें 8 बच्चों में आंखों से संबंधित समस्याएं मिली जिन्हें रिफ्रेक्शन करके अंधत्व नियंत्रण समिति दमोह के द्वारा निशुल्क चश्मा प्रदान किए गए।

अनियमित दिनचर्या खान-पान मोबाइल टीवी की लत का असर आंखों में दिखाई दे रहा है अब छोटे बच्चे भी कमजोर आंख सहित अन्य प्रकार की समस्याओं से जूझ रहे हैं हटा स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैंप में 197 बच्चों की आंखों की जांच की गई जिसमें बच्चों की आंखों में किसी न किसी प्रकार की समस्या मिली इनमें से 8 बच्चों की आंखों में चश्मा चढ़ गया है। सहायक नेत्र चिकित्सा अरविंद नेम के अनुसार पश्चिम मोबाइल की एडिक्ट हो रहे हैं अधिकांश घरों में रात को सोते वक्त बच्चे मोबाइल देखते हैं जिसका असर अब उनके स्वास्थ्य पर दिखाई देने लगा है इसकी अतिरिक्त खान-पान और अनियमित दिनचर्या भी नेत्र रोग का कारण है। बच्चों में नेत्ररोग की समस्या केवल शहरों में नहीं है बल्कि गांव में भी नेत्ररोगी मिल रहे हैं। इस दौरान हाई स्कूल रसीलपुर के प्राचार्य मुकेश कुमार चौबे तथा समाजसेवी आनेश जैन ऑप्टोमेट्रिस्ट द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया गया।

### सीएचओ को दिया गया प्रशिक्षण

ऑपरेशन आई साइट यूनिवर्सल भारत सरकार के सौजन्य से मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पटेरा,हटा एवं हिंडोरिया के कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर के लिए एनजीओ के कोऑर्डिनेटर आदित्य शर्मा द्वारा ट्रेनिंग दी गई। हेल्थ सेंटर पर अंधत्व की रोकथाम करने के लिए मुख्य रूप से पांच प्रकार की जांच इनमें मोतियाबिंद, रिफ्रैक्टिव, एरर, ग्लूकोमा या काला मोतिया, ट्रेकोमा या रोहे, कंजेक्टिवाइटिस, डायबिटिक रेटिनोपेथी अगर इन पांच की जांच समय पर लोगों को दी जावे तो अंधत्व का लगभग 80% तक रोकथाम की जा सकेगी। यह जनहित में बहुत बड़ा कारक होगा। आप लोगों की एक जांच व सलाह लोगों की जिंदगी में होने वाले अंधेरे को उजाले में बदल देगी।

# शासकीय रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने तीन पार्षदों सहित किसानों ने सौंपा ज्ञापन



**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को तेंदूखेड़ा नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले चौड़ाई ग्राम के तीनों पार्षदों किसानों ने एक ज्ञापन तहसीलदार को दिया है। जिसमें उल्लेख किया है कि शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर आम रास्ता खुलवाए ज्ञापन उल्लेख किया गया है कि चौरई के आगे स्थित रिपटा से जानकी महाराज की कुलिया तक शासकीय रोड है। जो कि मौजा चोरई ख.नं. 412 रकवा 2.6140 हे. में स्थित है जो कि राजस्व अभिलेखों में मध्यप्रदेश शासन शासकीय दर्ज है। उक्त शासकीय रोड विगत कई वर्षों से चौरई के अनेक लोगों द्वारा अतिक्रमण कर बारगा लगाकर, मकान आदि बनाकर अतिक्रमण कर रास्ता बंद कर दिया गया है। हम समस्त किसान चाहते हैं कि उक्त शासकीय रोड (पुरानी सैर) को अतिक्रमणमुक्त कराकर आवागमन सुचारू रूप से संचालित कराया जावे, जिससे हम किसानों को असुविधा का सामना न करना पड़े। किसानों ने कहा है कि हमारे आवेदन पत्र पर ध्यान देते हुए मौजा चौरई स्थित वर्षों पुराना रिपटा से जानकी महाराज की कुलिया तक का शासकीय रोड (पुरानी सैर) ख.नं. 412 रकवा 2.6140 हे. को अतिक्रमण मुक्त कराये आवेदकगणो मै चन्नू बल्द श्यामलाल घोषी, सुरेन्द्र बल्द मगन घोषी, बसंत बल्द रोशन घोषी, राजेश बल्द संतान घोषी, देवेन्द्र बल्द मुन्ना घोषी, शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### सुंदर कांड एवं भंडारा का आयोजन आज

**पटेरा।** नगर के वार्ड नं 4 की पार्षद सरस्वती हरपसाद चौरसिया की ओर से संकट मोचन मंदिर में सुंदर कांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन आज आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए हरप्रसाद चौरसिया ने बताया कि चुनाव में जीत पर उक्त आयोजन किया जा रहा है। इसमें बाद 9 बजे से सुंदर कांड एवं 12 बजे से मंगल भवन परिसर पुरानी अस्पताल परिसर में भंडारा आयोजित किया गया है। इसमें नगर सहित अनेक गांवों से लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### भूमि जैन बनी सीए

**दमोह।** शहर की मद्रास रेडीमेड के संचालक स्वर्गीय सुरेश चंद्र जैन की नातिन एवं डोली स्वर्गीय प्रवीर कुमार जैन की बिटिया भूमि जैन ने मुंबई में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया से सी ए बनकर दमोह जिले का नाम गौरवान्वित किया। उनके सी ए बनने से परिवार में हर्ष का माहौल है सभी ने भूमि को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### चार धाम तीर्थयात्रा के दौरान बनवार निवासी महिला की मौत

**बनवार।** कुछ दिन पूर्व चार धाम की तीर्थयात्रा करने के लिए एक जत्था बनवार ग्राम बस से रवाना हुआ था,जिसमे तबियत बिगड़ने से महिला मौत की दुखद खबर सामने आने से परिजनों सहित ग्राम में शोक लहर दौड़ गई । जानकारी अनुसार बनवार निवासी महिला पूना बाई पति भगुन सिंह उम्र 60 चार धाम की तीर्थयात्रा करने के लिए यात्रियों जत्थे के साथ बस से गई थी,जो अनेक धार्मिक स्थानों के दर्शन करते हुए आंध्र प्रदेश के तिरुपति बाला जी के दर्शन करने जा रही थी,लेकिन तभी अचानक तिरुपति बालाजी पहुंचने के पहली ही रविवार की रात्रि उनकी तबियत बिगड़ गई और बस में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। जिसकी जानकारी महिला के परिजनों को दी है और एंबुलेस से महिला के शव को मंगलवार की दोपहर गृह ग्राम बनवार लाया गया। जहां उनके अंतिम दर्शनों के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। और कहते है जिसकी मौत जहां होती नियति वहीं खींच लेती है और इस पुण्यात्मा की मौत की नियति तीर्थ क्षेत्र तिरुपति बाला जी में थी और वहीं हुई ऐसी पुण्य आत्मा को ग्राम वासियों के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### डीएम ने जारी किया आदेश, विशेष निगरानी रखने निर्देश जारी

# बच्चों को नशे से दूर रखने 'एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलौन

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) तथा संबंधित मंत्रालय के साथ बच्चों के बीच नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन और अवैध तस्करी की रोकथाम हेतु एक संयुक्त एक्शन प्लान "एक युद्ध नशे के विरुद्ध" तैयार कर जारी किया गया हैं। वेबिनार एवं जॉइंट एक्शन प्लान "एक युद्ध नशे के विरुद्ध" में दिये गये निर्देशानुसार बच्चों के बीच नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन और अवैध तस्करी की रोकथाम के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने दमोह जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यदि कोई व्यक्ति उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसके विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

जारी आदेश में कहा गया है जिले में ऐसे स्थान जहां पर बच्चों को बीड़ी, सिगरेट एवं अन्य मादक पदार्थों की बिक्री हो रही हो, उनका विशेष किशोर पुलिस ईकाई एवं बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के माध्यम से चिन्हांकन कर ऐसी दुकानों या व्यक्ति को दोषी पाये जाने पर उनके विरुद्ध पुलिस विभाग द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 77 एवं नियम 2016 की धारा 56 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये।

जिले में संचालित समस्त स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में लगने वाली शराब की दुकानों या अन्य दुकानों पर किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ या तंबाकू उत्पाद की बिक्री की जाती है, उसकी सूचना संबंधित स्कूल के प्राचार्य द्वारा संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। प्राचार्य द्वारा स्कूल में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों से निगरानी कर स्कूल के आसपास लगने वाली शराब की दुकानों या अन्य मादक पदार्थों का विक्रय करने वाली दुकानों की सूची संबंधित थाना प्रभारी को देकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कराई जाये।

इसी प्रकार शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों का चिन्हांकन किया जाकर उनको प्रशिक्षण दिलवाया जाये। ऐसे प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा मादक पदार्थों का सेवन करने वाले बच्चों को मानसिक रूप से दृढ़ करने हेतु काउन्सलिंग की जाये। चिल्ड्रन क्लब के अंतर्गत विभिन्न क्लबों जैसे ईको क्लब, सांस्कृतिक क्लब, रेड रिबन क्लब, भारत स्काउट्स एण्ड गाइड, एन.सी.सी. एन.एस.एस. के माध्यम से जागरूकता पैदा करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी जिले के समस्त विद्यालयों (कक्षा 6 से 12 तक) में एक समिति बनाने हेतु पृथक से निर्देश जारी किये जायें, जिसमें 02-03 अध्यापक शामिल हों यह समिति उनके विद्यालय के विद्यार्थियों को नशीली दवाओं, मादक द्रव्यों के सेवन से बचाव हेतु जानकारी प्रदान करेगी।

जारी आदेश में नाबालिग बच्चों को शराब का विक्रय प्रतिबंधित किया गया है, इस संबंध में समस्त शराब की दुकानों पर बोर्ड लगवाने हेतु जिला आबकारी अधिकारी आवश्यक कार्यवाही करेंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में संचालित समस्त विद्यालयों में बच्चों का आर.बी.एस.के. टीम के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जाकर ऐसे बच्चों की सूची तैयार करवायी जाये, जो किसी भी तरह के नशीले पदार्थ का सेवन करते है। साथ ही ऐसे स्कूल जहां पर की ऐसे बच्चे पाये गये है, उनकी सूची महिला एवं बाल विकास विभाग को उपलब्ध कराई जाना सुनिश्चित किया जाये।

जिला औषधि नियंत्रक द्वारा ऐसे मेडिकल स्टोर/फार्मेसी जहाँ पर शेडयूल एक्स या एच दवाओं की बिक्री की जाती है, यहाँ ऐसे समस्त मेडिकल स्टोर/फार्मेसी दुकानों पर 06 माह के भीतर सी.सी.टी.वी. कैमरा लगवाने संबंधी आदेश जारी करना सुनिश्चित करेंगे तथा एक माह में जिन-जिन जगहों पर सी.सी.टी.वी. कैमरा लगवाया जा चुका है, उसकी सूची तैयार कर प्रतिवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग को उपलब्ध करायी जाना सुनिश्चित किया जाये। जिला औषधि नियंत्रक द्वारा ऐसे मेडिकल स्टोर्स जहां पर शेडयूल एच और एक्स दवाईयों की बिक्री होती है तथा उनके द्वारा निर्धारित समय-सीमा में सी.सी.टी.वी. कैमरा नहीं लगाया जाता है, तो उनके विरुद्ध ड्रग्स एण्ड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 नियम 1945 के उल्लंघन के तहत वैधानिक कार्यवाही की जाकर प्रतिवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग को उपलब्ध कराये। उक्त आदेश जारी कर धारा अंतर्गत उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर संयुक्त मोर्चा ने ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला शाखा दमोह के नेतृत्व में जिले के सभी मान्यता एवं गैर मन्यता प्राप्त संगठनों के अध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारी कलेक्ट्रेट के सामनें 4 बजे शाम एकित्रत हुए एवं कलेक्टर महोदय के समक्ष उपस्थित होकर तीन पत्रों का वाचन कर सौंपे। समस्याओं में प्रथम पत्र राज्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के नाम प्रस्तुत किया जिसमें मात्र एक मांग की कर्मचारियों द्वारा लोकसभा विधानसभा में किये मतदान की गणना की गोपनीय रखी जावे। द्वितीय पत्र में जिलाधीश महोदय से निवेदन किया गया कि गत विधानसभा निर्वाचन में कर्मचारियों को आई परेशानियों जैसे 60 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों एवं महिला कर्मचारियों को मतदान दल में भेजना, गाडियों की पार्किग रिजर्व दल एवं मतदान पश्चात सामान जमा करने में आई परेशानी पर चर्चा करने हेतु कर्मचारी संघो के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक आहूत कर इन परेशानियों पर चर्चा की जावे ताकि आगामी लोकसभा में इन परेंशानियों का सामना न करना पड़े। तृतीय पत्र में श्रीमान जिलाधीश महोदय को स्थानीय स्तर की समस्याओं जैसे पटवारियों की गोपनीय चरित्रावली प्रतिवर्ष लिखी जावे जिससे उन्हें विभिन्न समयमान वेतनमानों का लाभ प्राप्त हो सके। मध्यप्रदेश के दमोह जिल मात्र में शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा शिक्षको को पदस्थ शाला प्रातः 10:30 पर पहुंचकर उपस्थिति पंजी की फोटो व्हाटसाप पर डालने को वाध्य किया जा रहा है जिससे शिक्षको को परेशानी हो रही है। चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों की डयूटी निर्वाचन कार्य में एक अधिक स्थानो कार्यो में लगाई जाती है जिसका उन्हें किसी भी प्रकार का मानदेय भी नहीं दिया जाता। स्थास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के एमआर एवं एरियर्स देयको पर जिला कोषालय द्वारा अनावश्यक आपत्तियां लगाई जाती है। निर्वाचन शाखाओं में सेवा निवृत्त लिपिको की सेवाएं ली जा रही है नियमित कार्यरत लिपिको को अवसर से वंचित किया जा रहा है जिन्हें तत्काल हटाया जाएं। सभी विभागो में शीघ्र भर्ती रोस्टर तैयार कर वेकलाग भर्ती की जावे। उक्त समस्याओं को सुनने के बाद कलेक्टर महोदय ने निकारण का आश्वाशन दिया। इस अवसर पर कर्मचारी नेताओं में संरक्षक राकेश सिंह हजारी, संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, संयोजक महमूद सिद्वीकी, कोषाध्यक्ष गणेश दुबे, आरिफ अंजुम, सचिव केआर पाण्डे, सहसयोजक प्रदीप स्वामी, विजय शर्मा, डॉ. मोहन आदर्श, आशाराम पटेल, प्रमोद अहिरवार, प्रेम सिंह ठाकुर, देवेन्द्र सिंह, खिलान सिंह, प्रमेन्द्र जैन, बीएम दुबे, विष्णु दत्त शर्मा, मोहन राय, महेन्द्र जैन, अजय जैन, धनीराम अहिरवार आदि जिलाध्यक्षों की उपस्थिति रहीं।

# 121 मतों से उपचुनाव जीतकर दीपारानी राजगौंड बनी हरदुआ सड़क की सरपंच



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

विकासखंड हटा की ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क के सरपंच पद हेतु हुए उपचुनाव की मतगणना मंगलवार को तहसील कार्यालय के बैठक हाल में संपन्न हुई जिसमें चुनाव लड़ रहे सभी पांच प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को रिटर्निंग अधिकारी शिवराम चढ़ार द्वारा खोला गया जैसे ही पहले चरण की गिनती आरंभ हुई उसमें कुसुमरानी गोंड को प्रारंभिक बढ़त मिली परंतु जैसे ही द्वितीय चक्र की गिनती के परिणाम आए तो दीपारानी राजगौड ने अपनी निकटतम प्रतिबंध कुसुमरानी गौड पर निर्णायक बढ़त हासिल कर ली और जैसे ही अंतिम चरण के परिणाम प्राप्त हुए तो दीपारानी राजगौड ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कुसुमरानी गौड को 121 मतों से पराजित कर सरपंच का चुनाव जीता लिया। दीपारानी राजगौड को कुल 509 मत प्राप्त हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिबंध रही कुसुमरानी गौड केवल 388 मतों से संतोष करना पड़ा। मतगणना के उपरांत विजयी प्रत्याशी दीपारानी राजगौड को रिटर्निंग अधिकारी शिवराम चढ़ार ने, अनुविभागीय दंडाधिकारी रीता डहेरिया मास्टर ट्रेनर माधव पटेल आर एस चौरसिया दिनेश प्यासी बृजेश अग्रवाल, प्रोफेसर पीके ढाका सहायक प्राध्यापक शिवानी राय राजेश खरे,आशीष सेन,अरुण गर्ग की उपस्थिति में प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# बस में यात्री के जेब से 45 हजार रुपए निकाले, पुलिस जांच में जुटी

**दमोह।** जेब कतरो के हौसले दिन ब दिन बुलंद होते जा रहे हैं। नई नई तरकीबों को अपनाकर आरोपी लोगो को चूना लगा रहे है। ऐसी ही एक वारदात पटेरा मे सामने आई है। सोमवार को पटेरा बस स्टैंड पर एक आरोपी द्वारा व्यक्ति को बातो में लगाकर उसकी जेब से करीब पैतालीस हजार रुपए पर कर दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार चीलघाट निवासी थान सिंह लोधी ने बताया कि उन्होंने सोमवार को को ऑपरेटिव बैंक से करीब पैतालीस हजार रुपए निकाले थे। दोपहर करीब 3.30 बजे जब वह बस से अपने गांव जाने के लिए बस में बैठा तो 2 युवक वहां आकर सीट को लेकर एक दूसरे से विवाद करने लगे और सीट से उठा दिया। जैसे ही वह सीट से उठकर दूसरी सीट पर गया और अपना सामान रैक पर रखा उतने में ही एक युवक ने उसकी जेब से पैसों की गड्डी निकाल कर रफूचक्कर हो गया। आनन फानन में उस युवक की तलाश की गई पर वह नही मिला। फरियादी ने पटेरा थाना में आवेदन सौंप कर अपनी आप बीती सुनाई व आरोपियों की पता साजी कर उसके पैसे वापस दिलाने की मांग की। वहीं पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फरियादी द्वारा बताए गए संदेही से पूछताछ शुरू कर मामले को जांच में लिया है।

# पार्षद उपचुनाव में महज 7 मतों से भाजपा की जीत



**पटेरा।** पटेरा नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 14 के लिए उपचुनाव में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी जीत हुई। महज 7 मतों से जीतकर भाजपा से राजरानी अहिरवार नई पार्षद बन गई है। यहाँ से कुल 4 प्रत्याशी मैदान में थे जिसमें से भाजपा से राजरानी अहिरवार को 144 मत, निर्दलीय प्रत्याशी रवि कोरी को 137 मत तो वहीं कांग्रेस से दशरथ अहिरवार को 43 मत मत प्राप्त हुये है। वही अन्य निर्दलीय प्रत्यासी को 11 मत और 9 मत नोटा में गए है। यहां कुल 344 लोगो ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। यह वार्ड भाजपा पार्षद कलु अहिरवार के निधन हो जाने से रिक्त हो गया था जहाँ भाजपा ने कलु अहिरवार की पत्नी को टिकिट देकर प्रत्यासी बनाया था भाजपा प्रत्याशी राजरानी अहिरवार को 7 मतों से विजयश्री प्राप्त होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल रहा।

**गाजे बाजे, घोड़ा-बग्गी, अश्वों पर सवार हो पहुंचे अतिथि, खेल मैदान में हुआ भव्य स्वागत, विजेता टीम को 71 हजार उपविजेता को 31 हजार रूपये विशाल ट्राफी से अतिथियों ने किया पुरस्कृत**

# नल दमयंती क्रिकेट ट्रॉफी पर लुहर्रा-बांदकपुर ने किया कब्जा, उपविजेता टीम गुरु क्लब दमोह रही









हरिभूमि न्यूज ⏭ रनेह

राजा नल की देवनगरी की पावन धरा पर आयोजित नल दमयंती क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन मैच आज धूमधाम पूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। अतिथि देवो भवः की परंपरा को चरितार्थ करते हुए आमंत्रित अतिथियों को डीजे, ढोल नगाड़ों, बग्गी और अश्वों पर सवार होकर बजरंग आश्रम बस स्टैंड से ग्राम में विशाल जुलूस के साथ, आमंत्रित अतिथि एवं एडी क्लब के पदाधिकारी दोनों टीमों के साथ टूर्नामेंट ग्राउंड पहुंचे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में अतिथियों ने पिच पर लाइनअप दोनों टीमों से परिचय लिया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के बाद टॉस किया गया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत एडी क्लब के सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि लालचंद खटीक विधायक प्रतिनिधि हटा, नरेन्द्र जैन बजाज ब्यूरो चीफ हरिभूमि, जनाब आजम खान पत्रकार, कु. भानु प्रताप सिंह , पप्पू शर्मा, राजू शर्मा, डॉ. उमाशंकर पटेल, थाना प्रभारी प्रीति पांडे, रीतेश अग्रवाल, संतोष गौतम, निक्की ताम्रकार, शुभम शर्मा, द्रगपाल सिंह जिला पंचायत सदस्य अभाना, नितिन यादव, अमित पटेल, बहादुर सिंह की उपस्थिति रही। मंचासीन अतिथियों का स्वागत एडी क्लब के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। नल दमयंती का फाइनल मुकाबला लुहर्रा-बांदकपुर और गुरु क्लब दमोह के मध्य खेला गया। लुहर्रा-बांदकपुर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 20 ओवर में 241 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी में गुरु क्लब दमोह की टीम केवल 114 रन ही बना सकी। मैच के हीरो मैन आफ द मैच नावेद रहे जिन्होंने 3.5 ओवर में 27 रन देकर 5 विकेट हासिल किए और अपनी टीम को 127 रन से जीत दिलाई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विजेता लुहर्रा-बांदकपुर को 71000 उपविजेता गुरु क्लब दमोह को 31000 के साथ आदम कद ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। एडी क्लब द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। क्रिकेट ट्रॉफी में सहयोग करने वाले एडी क्लब के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। व्यवस्थित कार्यक्रम की अतिथियों द्वारा प्रशंसा करते हुए सराहना की गई। खेल मैदान पर चारों ओर जनसमूह नजर आ रहा था। क्षेत्रीय विधायक उमा देवी खटीक प्रतिनिधि लालचंद खटीक ने मिनी स्टेडियम की घोषणा की और कहा कि अगले वर्ष का नल दमयंती टूर्नामेंट स्टेडियम में होगा। चूंकि स्टेडियम की घोषणा पूर्व में भी की जा चुकी है, ऐसे में अब यह घोषणा कितनी सार्थक होती है यह समय ही बताएगा। घोषणा के साथ ही श्री खटीक ने यह भी कहा कि मेरे द्वारा घोषणा की गई है, मगर कमेटी का दायित्व बनता है कि मुझे कागजी कार्यवाही पूर्ण कर दे अन्यथा की स्थिति जो मुझे यह मत कहना कि कोरी घोषणा की गई है। समूची ट्रॉफी में एंपायर सगीर खान, संतोष राय, लोकेंद्र सिंह, कॉमेंटेटर जहांगीर खान अड्डु, स्कोरर अरमान खान रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एडी क्लब की जुझारू टीम सक्रिय रही। कमेटी के सदस्यों में प्रमुख रूप से राममिलन तिवारी, रूपनारायण तिवारी, रामकिशुन तिवारी, शेख अतीक उर रहमान, जहांगीर खान अड्डु, हरेंद्र तिवारी, खूबचंद तंतुवाय, श्याम नायक, अखिलेश तिवारी, राममनोहर तिवारी, गुड्डा राय, संदीप दुबे, श्रीकांत तिवारी, विश्वनाथ नगायच, मनीष तंतुवाय जिला पंचायत सदस्य, कन्हैयालाल आदिवासी सरपंच, मोती लाल अहिरवार प्रतिनिधि जनपद सदस्य पिंटू व्यास, जेपी राजा, अरबाज खान, राज साहू, सोनू साहू, उमेश कुसमयां, पप्पू खान, अजय बंसल के साथ ही समस्त एडी क्लब के खिलाड़ियों और प्रशंसकों की सहयोगात्मक उपस्थिति रही। मैच के अंत में टूर्नामेंट के सफल स्कोरर अरमान खान का जन्मदिन पिच पर केक काटकर मनाया गया, जिसमें सभी अतिथियों की उपस्थिति रही।

# माध्यमिक शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** प्राथमिक शिक्षक से माध्यमिक शिक्षक के उच्च पद प्रभार से ब्लॉक बदलकर आये शिक्षको की वेतन भुगतान 3 माह से नहीं हो रही थी वेतन भुगतान के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा को ज्ञापन सौंपा एवं वेतन भुगतान के लिए विस्तृत चर्चा की श्री नेमा जी ने अतिशीघ्र वेतन भुगतान कराने का आश्वाशन दिया। ज्ञापन देने वालों में श्री आरिफ अंजुम प्रदेश संयोजक शासकीय शिक्षक संगठन एवं सभी संगठनों के जिला अध्यक्ष श्री सत्यनारायण तिवारी, प्रेमसिंह लोधी, देवेंद्र सिंह, सुरेंद्र राय, पवन खरे जिला अध्यक्ष पीएमयूएम शिक्षक संघ दमोह, राजीव विश्वकर्मा, अफजल खान, मनोज जैन, राजेश पाठक, रघुवर तिवारी, रामरतन रूपेश नेमा, नरेंद्र जैन, मनोज जैन, विजय सिंह लोधी, मोहन ठाकुर, कैलाश असाटी आदि उपस्थित रहें।

### फरार आरोपी कट्टा सहित गिरफ्तार

**दमोह।** गौवंश वध अधि. के फरार आरोपी को मय कट्टा के किये गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह द्वारा गौवंश संरक्षण एवं गौवंश वध रोकथाम हेतु लगातार दबिश एवं कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया था। दि. 27.12.23 को 04.30 बजे राधारमण मंदिर के पास कुछ व्यक्ति लाठी, तलवारएवं कट्टा, लियेगायो को क्रूरता पूर्वक मारते हुये खदेडते हुये ले जा रहे थे जो सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपियो की पहचान कर थाना कोतवाली में आरोपी आशिक पिता जहीर कुरैशी 2. बारिस पिता मुब्बू कुरैशी एवं 02 अन्य के विरूद्ध थाना कोतवाली मेअप.क्र. 10/24 धारापशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं गौवंश वध की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी आशिक की सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर लगातार तलाश गिरफ्तारी की गयी थी। आरोपी मोहसिन और राजाबाबू के विरूद्ध कुछ दिन पूर्व ही आर्म्स एक्ट एवंविस्फोटक अधिनियम की कार्यवाही की गयी है जो आरोपी जेल में है। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के नाम निरी. आनंद सिह, उनि. प्रदीप चौधरी, सउनि रमाशंकर, मनीष यादव, राजेन्द्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक कामता, सूर्यकांत, महेंश, संजय, आशिफ, भानू, आरक्षक नरेन्द्र, रामकुमार, आकाश आदि उपस्थित रहे।